उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, 19 C, विधानसभा मार्ग, लखनऊ-226001
दूरभाष: 0522-2235752, फैक्स: 0522-2235806
वेब : www.uppbpb.gov.in, www.prpb.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक-सितम्बर 26 ,2022

खिलाड़ियों के लिए उ0प्र0 पुलिस में सेवायोजन का सुनहरा अवसर

मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 के निर्देशानुसार उ0प्र0 पुलिस में 534 (335 पुरूष व 199 महिला) आरक्षी ना0पु0 के पद पर खिलाड़ियों के सेवायोजन के लिए उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस विषय में विज्ञप्ति शीघ्र ही उ0प्र0 पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा जारी किया जाएगा। इस चयन में केवल खिलाड़ियों की खेल विषयक दक्षता व प्रमाण पत्रों के मूल्यांकन के आधार पर ही चयन किया जाएगा एवं न्यूनतम अर्हता के रूप में निम्न खेल में से किसी एक खेल में प्रतिभाग करनें का प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा।

I. नेशनल खेल
II. नेशनल चैंपियनशिप (जूनियर/सीनियर)
III. फेडरेशन कप नेशनल (जूनियर/सीनियर)
IV. अखिल भारतीय अन्तर राज्यीय चैंपियनशिप (सीनियर)
V. अखिल भारतीय अन्त विश्वविद्यालय टूर्नामेंट
VI. विश्व स्कूल खेल (अण्डर-19)
VII. राष्ट्रीय विद्यालय खेल (अण्डर-19)
VIII. अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिता

2- इस चयन प्रक्रिया में खेल की विभिन्न विधाओं में पुरूष तथा महिला अभ्यर्थियों के पद विषयक विवरण निम्नलिखित हैं-

(क) <u>पुरूष खिलाडियों की संख्या</u>

क0सं0	खेल विधा का नाम	खिलाडियों की संख्या
1	वाटर स्पोर्टस	42
2	वालीबाल	10
3	बास्केट बाल	13
4	हैण्डबाल	12
5	कबड्डी	10

6	फुटबाल	20
7	टेबिल टेनिस	04
8	बैडमिण्टन	06
9	क्रासकण्ट्री	08
10	हॉकी	20
11	तीरदांजी	12
12	जिम्नास्टिक	12
13	भारोत्तोलन	10
14	बुशू	09
15	जूडो	10
16	बाक्सिंग	11
17	एथलेटिक्स	57
18	तैराकी	21
19	ताईक्वांडो	08
20	शूटिंग	14
21	साइक्लिग	06
22	कुश्ती	20
योग		335

(ख) महिला खिलाडियों की संख्या

क0सं0	खेल विधा का नाम	खिलाडियों की संख्या
1	वालीबाल	10
2	बास्केट बाल	10
3	कबड्डी	10
4	टेबिल टेनिस	02
5	बैडमिण्टन	04
6	क्रासकण्ट्री	06
7	हॉकी	12
8	तीरदांजी	10
9	भारोत्तोलन	08
10	बुशू	06
11	जूडो	10
12	बाक्सिंग	08
13	एथलेटिक्स	46
14	तैराकी	19
15	ताईक्वांडो	08

16	शूटिंग	08
17	साइक्लिंग	04
18	कुश्ती	18
योग		199

3- इस भर्ती हेतु न्यूनतम आयु-18 वर्ष तथा अधिकतम आयु-22 वर्ष निर्धारित है तथा कुशल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करनें के उद्देश्य से विशेष परिस्थितियों में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा न्यूनतम आयु सीमा में 02 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष तक की छूट प्रदान की जा सकती है।

4- आरक्षी पद पर भर्ती हेतु अभ्यर्थी को भारत में विधि द्वारा स्थापित बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा या उसके समकक्ष शैक्षिक योग्यता आवश्यक है।

5- उपरोक्त पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट www.uppbpb.gov.in देखते रहें तथा उ0प्र0 पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा पारदर्शी ढंग से आयोजित परीक्षाओं में भाग लेकर उ0प्र0 शासन के अधीन उ0प्र0 पुलिस में चयनित होकर समाज एवं देश की सेवा में संलग्न हों।